मुझे अपनी शरण में ले लो राम

मुझे अपनी शरण में ले लो राम ले लो राम
मुझे अपनी शरण में ले लो राम
लोचन मन में जगह ना हो तो
जुगल चरण में ले लो राम ले लो राम
मुझे अपनी शरण में ले लो राम

जीवन देके जाल बिछाया रच के माया नाच नचाया
चिंता मेरी तभी मिटेगी जब चिंतन में ले लो राम ले लो राम
मुझे अपनी शरण में ले लो राम............

तुमने लाखों पापी तारे मेरी बारी बाज़ी हारे
मेरे पास न पुण्य की पूँजी पद पूजन में ले लो राम ले लो राम
मुझे अपनी शरण में ले लो राम............

घर घर अटकूं दर दर भटकूं कहाँ कहाँ अपना सर पटकूं
इस जीवन में मिलो न तुम तो राम हे राम मुझे मरण में ले लो राम ले लो राम
मुझे अपनी शरण में ले लो राम...........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20245/title/mujhe-apni-sharn-me-le-lo-ram

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |